## कार्यकारिणी का गठन

**गंगापुर सिटी।** गुरूवार को भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश राज लोढी के निर्देशानुसार भाजयुमो शहर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। उपाध्यक्ष पद पर भारत भूषण तलूजा, विजेंद्र जैसावत, महामंत्री अजय घेंघट, मंत्री आदित्य सिंह जादौन, मोहित सोनी, मयंक गौतम, मीडिया प्रभारी रामअवतार प्रजापत, सह मीडिया प्रभारी विक्की उदासी, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रितु, आरती महावर, वर्षा मीणा, सुमित वाल्मीकि, मनीष सिंह राजपूत, अजय चंदेल, कुलदीप सेन, जीतू कटारिया, भरत जादौन, राजेश प्रजापत को नई जिम्मेदारी दी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष नागेश लोढी व मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल का माला एवं साफा पहना कर अभिनंदन किया। साथ ही जिला अध्यक्ष नागेश लोडी और मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा का दुपट्टा पहना कर उनका अभिनंदन करते हुए संगठन हित में लगातार कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री सुनील जोशी कार्यकारिणी सदस्य आलोक गुर्जर महाराज गुर्जर अनिल गुप्ता सार्थक मंगल उपस्थित रहे।

# विधायक मलिंगा ने नवरात्र महोत्सव मेले का उद्घाटन किया

**धौलपुर।** प्रदेश में लगने वाले मेले अपने आप में अनूठे होते हैं। इनका स्थानीय और बाहरी सभी जगह अपना विशेष महत्व होता है। पुराने बुजुर्गों द्वारा आयोजित किए जाने वाले यह ऐसे आयोजन हैं। जिनसे हमें अपना बचपन याद रहता है। साथ में मेलों से आपसी सामंजस्य और भाईचारा बढ़ता है। तनाव भरी जिंदगी में भी कुछ सुकून मिलता है। यह कहना है बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा का जो गुरुवार को बाड़ी में नगर पालिका द्वारा आयोजित होने वाले चैत्रीय नवरात्र के मातारानी के नवरात्रा महोत्सव मेले का उद्घाटन करने आये थे। मेला स्थापना कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मेले का ध्वज फहराया गया और मेले के शुभारंभ की घोषणा की गई। नगर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर नगरपालिका द्वारा आयोजित नो दिवसीय नवरात्रा महोत्सव का शुभारम्भ विधि-विधान व मंत्रोच्चारण



धौलपुर में नवरात्रा महोत्सव मेले का उद्घाटन किया।

के साथ पंडित हरिद्वारी लाल पाराशर ने किया, उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने कहा कि आज कल तनाव भरे माहौल में मेले लोगो के लिए विशेष मनोरंजन का साधन होते हैं। जिसमे वह परिवार सहित खरीददारी कर सकते हैं और मेले में आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं, मेले प्रेम व भाईचारे का प्रतीक है। साथ ही उपखंड अधिकारी गिरधर मीणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद मेलों का आयोजन हो रहा जिसमें काफी संख्या में लोग आते हैं और मेले में उचित व्यवस्थाओं को बनाये रखें। इस समय मेलों में बहुत भीड़ उमड़ रही है। जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था की महती आवश्यकता है। ऐसे में भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात करने की आवश्यकता है। जिससे मेला शांतिपूर्ण सफल हो सके।

## रामनवमी शोभायात्रा 30 को

**करौली (नि.स.)।** करौली जिला मुख्यालय पर रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसकी तैयारियों को लेकर समिति का गठन करते हुए आयोजको द्वारा करौली शहर के शिव अशोका पैराडाईज में प्रेस वार्ता की। शोभायात्रा कार्यक्रम कि तैयारियो को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम के संयोजक अशोक सिंह धाभाई ने बताया कि यह यात्रा 30 मार्च को दोपहर 2:00 बजे शहर के माथुर स्टेडियम से प्रारंभ होकर मुख्य बाजारों में होते हुए वजीरपुर गेट बाहर स्थित रामद्वारे पर पहुंचेगी। जिसमें दर्जनों कि सख्या में महापुरूषो,विभिन्न देवी देवताओ कि झांकियां हाथी, घोड़े, पालकी,बैण्ड बाजे,डीजे यात्रा में मुख्य आकर्षण रहेंगे। यात्रा के रामद्वारे पर पहुंचने पर क्षेत्र के साधु-संतों के द्वारा सामूहिक आरती की जावेगी। उन्होने बताया कि भगवान श्रीराम कि जयंती रामनवमी पर शोभायात्रा के दौरान जिले भर से सर्व समाज के लोग भाग लेंगे वही यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिये समिति का गठन किया गया है। उन्होने बताया कि समिति के अध्यक्ष देवीसिंह बदनपुरा होगे वही प्रेस वार्ता के दौरान केशर सिंह नरूका,कैलाश चंद शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### स्वच्छता अभियान चलाया

**मासलपुर (नि.स.)।** मासलपुर रोड स्थित सोनपुरा गांव के समाज सेवी युवाओं ने स्वच्छता अभियान चला कर राष्ट्रीय राज मार्ग के रोड के आसपास के कीचड़,काँटे,झाड़ियों और गंदगी की साफ सफ़ाई करते हुए पद यात्रियों,राहगीरों के लिए विश्राम के लिए स्थान बनाकर पीने के लिए पानी की व्यवस्था और बिस्किट बाँट कर स्वच्छता अभियान की खुशी मनाई हैं। चैनपुर के आयुर्वेद चिकित्सक रमणस्वरूप लवानिया ने इस अवसर पर युवाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि गंदगी से मच्छर पैदा होते हैं जो बीमारी उत्पन्न करते हैं इसलिए सभी को स्वच्छता के लिए समर्पित रहने की जरूरत है।

### जितेंद्र सिंह सम्मानित

**करौली (नि.स.)।** दुबई के क्राउन प्लाजा होटल में आयोजित 25 वी वर्ल्ड एजुकेशन समिट में विभिन्न देशों के लगभग 300 शिक्षाविद लोगों ने भाग लिया व वर्तमान में शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिये सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते हुए डिजिटललेशन और विद्यालयो में आर्टिफीसियल इंटेलीजेंसी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में करौली निवासी जितेन्द्र सिंह पिचानोत द्वारा दिये गये योगदान के लिये उन्हें सम्मानित किया गया। जितेंद्र सिंह पिचानोत अभी तक लगभग 40 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं।

### समीक्षा बैठक आज

**करौली (नि.स.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार ने बताया कि संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता मे 24 मार्च को प्रातः 11:00 बजे विकास कार्यो व फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक दोपहर 1:30 बजे जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं इसके बाद कार्यालय उपखंड अधिकारी मंडरायल का निरीक्षण किया जायेगा।

# स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान

**गंगापुर सिटी।** समाज सेवा के माध्यम से स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व का समुचित विकास विकास करने के उद्देश्य से अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बी. एस. गुर्जर ने बताया कि शिविर का शुभारंभ अग्रवाल शिक्षण संस्थान महामंत्री हरिओम गुप्ता भगत, कोषाध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता, महाविद्यालय शिक्षा समिति उपाध्यक्ष दिनेश सिंघल पत्रकार एवं मुकेश गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण कर लक्ष्य गीत के साथ हुआ।

इस अवसर पर महामंत्री हरिओम गुप्ता भगत ने कहा कि राष्ट्र ीय सेवा योजना स्वयंसेविकाओं को सृजनात्मक और रचनात्मक सामाजिक कार्यो की ओर प्रवृत्त करने का माध्यम है। इसके द्वारा अच्छे नागरिक के कर्तव्य होने का अनुभव होता है एवं समाज में परिवर्तन लाने और उसे समुन्नत करने के लिए श्रेष्ठ आधार है।

दिनेश सिंघल पत्रकार ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा के साथ समाजसेवा भी होना चाहिए जिससे हमारा आत्मविश्वास, धैर्य बढता है तथा हमारे अंदर नेतृत्व कौशल का विकास होता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बी. एस गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट ीय सेवा योजना कर्म के महत्व को प्रदर्शित करके युवा पीढी को स्वावलंबन की दिशा की ओर अग्रसर करती है। कार्यत्र्कम अधिकारी गोपाल लाल बेरवा ने सात दिवसीय कार्यत्र्कम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिविर के प्रथम दिन महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं द्वारा श्रमदान किया गया जिसमें कचरे को एकत्रित किया गया, पेड पौधों को पानी दिया गया।

## प्रतिमा पर किया दुग्ध अभिषेक

**करौली (नि.स.)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय महाविधालय स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर भगत सिंह जयंती के अवसर पर करौली के युवाओं और गणमान्य नागरिकों द्वारा दुग्ध से अभिषेक किया गया और माल्यार्पण और पुष्प चढ़ाये गए।

कार्यक्रम आयोजक जीतू शुक्ला ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अथिति नगर परिषद करौली के पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर रहे जिन्होंने युवाओं कों भगत सिंह की जीवनी से प्रेरणा लेके अपने जीवन कों देश पर न्योछावर कर देने के लिए तैयार रहने का संकल्प दिलाया वही देश सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं ने भगत सिंह जिंदाबाद के नारो से परिसर कों गुंजायमान कर दिया कार्यक्रम आयोजक जीतू शुक्ला ने बताया की माँ भारती के लाल भगत सिंह और उनके साथियो के जीवन का बालिदान हमको नित अपनी रगो में बहाये रखना होगा आज के दिन दुग्धअभिषेक के साथ हम देश की सीमा पर खडे प्रत्येक माँ भारती के लाल के लम्बे जीवन की कामना करनी होगी।

# करौली में शांति मार्च निकाला

**करौली (नि.स.)।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय जयपुर के निर्देशन में शहीद भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव की शहादत के अवसर पर शांति मार्च और सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया।

शांति मार्च को सहायक कलेक्टर प्रीति चक और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक प्रेम सिंह माली,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार,स्काउट सीईओ अनिल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।गांधीजन और स्काउट,स्कूली विद्यार्थियों ने शांति मार्च में भाग लेकर आमजन में अहिंसा का संदेश दिया गया शांति मार्च में स्काउट,गांधीजन,विद्यार्थी शहीद भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव अमर रहे, अमर रहे के नारे के साथ में वंदे मातरम,एक दूजे के हार को छोड़ो भारत जोड़ो के नारे लगाते करौली शहर के विभिन्न बाजारों में आमजन में शांति का संदेश देते हुए होकर निकले।शांति मार्च करौली में नगाडखाना दरवाजे से शुरू होकर फूटाकोट,सदर बाजार,बुरे वाला बाजार,वजीरपुर गेट,गौशाला रोड ,पुराना कलेक्ट्रेट सर्किल,सर्किट हाउस होते हुए राजकीय महाविद्यालय में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे।जहॉ शहीद भगत सिंह को उनकी शहादत के लिए सभी की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई और सर्व धर्म प्रार्थना कर आमजन में शांति और अहिंसा का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर अनिल शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति करौली,नत्थू सिंह राजावत प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय करौली,सह संयोजक फूल सिंह,राजेश मीणा,अशफाक,पूर्व पार्षद रिजवान, सुनील गुप्ता ब्लॉक सह संयोजक, उम्मेद सिंह, तुलसीदास मुदगल, व्याख्याता विनोद कुमार मीणा,मुकेश सारस्वत, योगेश कुमार शर्मा,विनोद गुप्ता,गणेश शर्मा, प्रधानाचार्य धर्मसिंह, हरि सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गणगौर महोत्सव 24 को

**भरतपुर (निस)।** सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में लक्ष्मण मंदिर चौक स्थित सभा के भवन में 24 मार्च शुक्रवार को गणगौर महोत्सव-2023 आयोजित किया जायेगा।

सभा के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद गोयल के अनुसार इस महोत्सव के तहत दोपहर 3 बजे सभा भवन में विद्वान आचार्यों द्वारा गणगौरी पूजन कराया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी देवेन्द्र सिंह परमार दम्पत्ति होंगे। सभा के मंत्री यज्ञ दत्त शर्मा ने बताया कि पूजन के उपरांत गणगौरी माता की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो सभा भवन से प्रारम्भ होकर कोतवाली, अनाह गेट पत्थर की टाल, नीम दरवाजा रोड, अटलबंद चौराहा, गणेश मंदिर, बुद्ध की हाट, चौबुर्जा, लोहाबार, जामा मस्जिद होते हुए सभा भवन पहूँच कर सम्पन्न होगी। इस बार शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिये बाहर का बैण्ड बुलाया गया है साथ ही शोभायात्रा में कई झाकियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

# जल व स्वच्छता विज्ञान कैंप आयोजित

**भरतपुर (निस)।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी संचार परिषद द्वारा संचालित स्वाधीन संस्थान, भरतपुर के तत्वाधान में दो दिवसीय जल व स्वच्छता विज्ञान कैंप का किला स्थित मान्टेसरी विद्यालय परिसर में आयोजन किया गया।

कैंप का मुख्य उद्देश्य जल स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रदूशण एवं संरक्षण के प्रति वैज्ञानिक दृश्टिकोण के साथ विद्यार्थीयों की समझ को विकसित करना था। इस अवसर पर अशोक पाराषर (सेवा निवृत्त अतिरिक्त शिक्षाधिकारी) ब्रहमानन्द शर्मा रिटायर्ड उपखण्ड शिक्षाधिकारी एवं लक्ष्मण पाठक से.नि. सहायक अभियन्ता एवं डॉ. हरीश कुमार आदि ने विद्यार्थीयों का संवाद के माध्यम से मूल्यांकन करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। जल का प्रदूशण एवं बचाव तथा उपलब्धता की भयाभयता पर स्टेट रिसोर्सेज पर्सन पाठक ने विद्यार्थीयों को विज्ञान आधारित तकनीकी उपाये बताये ब्रहमानन्द शर्मा द्वारा स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के व्यक्तिगत स्वच्छता पर बच्चों का ध्यान केन्द्रित करते हुए हाथों की स्वच्छता के सम्बन्ध में विज्ञान आधारित सक्रियता पैदा की गई। बच्चों को बताया कि हमें तकनीकी रूप से वैक्टीरिया समाप्ति के लिये कितने समय तथा किस प्रकार हाथों को साफ करना चाहिये। डॉ. हरीश कुमार ने बच्चों को संक्रमणों से बचाव के लिए तथ्यात्मक तकनीकी उपाय एवं स्वस्थ्य रहने हेतु खान पान की जीवन शैली को सुधारने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। विज्ञान विषय के विशेषज्ञ अशोक पाराशर ने विशेष रूप से विज्ञान विशय से सम्बन्धित जानकारियां प्रदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विज्ञान आधारित तथ्यात्मक सूचनाऐं जो वैज्ञानिक दृश्टिकोण को सक्रियता से विकसित कर सकें विद्यार्थीयों के साथ साझा की और विज्ञान संचार जागरूकता को एक नवीन दिषा प्रदान की।

## एक और आरोपी पकड़ा

**भरतपुर (निस)।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने गोपालगढ मौहल्ला में हुई हत्या के मामले में एक और आरोपी प्रभाव उर्फ बिट्टू को गिरफतार किया। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रैंज गौरव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक ष्याम सिंह द्वारा थाना मथुरा गेट क्षेत्र में 28 जनवरी को हुई हत्या के मामले में अतिशीघ्र गिरफतारी हेतु उच्चाधिकारियो के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर बृजेष ज्योति व वृत्ताधिकारी वृत षहर सतीष वर्मा के मार्गदर्शन में थानाधिकारी रामनाथसिंह मय गठित टीम द्वारा 23 मार्च को हत्या के आरोपी प्रभाव उर्फ बिट्टू पुत्र रसालसिंह उम्र 38 साल जाति जाट निवासी नगला तेजसिंह थाना उद्योगनगर को गिरफ्तार किया गया है।

## आभार व्यक्त

**भरतपुर (निस)।** पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने महारानी श्री जया महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित मेगा जॉब फेयर के शुभारम्भ समारोह में कहा कि उनके आग्रह पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपतहसील रारह को तहसील का दर्जा दिये जाने की घोषणा की है।

# मेगा जॉब फेयर का सी.एम. ने अवलोकन किया

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में मुख्यमंत्री ने मेगा जॉब फेयर का अवलोकन किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सपने साकार करने के लिए उचित अवसर उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में 100 से भी अधिक जॉब फेयर आयोजित करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद किया एवं रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को ऑफर लैटर प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थियों को चैक प्रदान किए।

गुरुवार को भरतपुर दौरे के दौरान सुन्दरवाली गांव के शहीद कॉन्स्टेबल जीतराम गुर्जर की पत्नी वीरांगना सुन्दरी देवी और परिवारजन मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, नगर (भरतपुर) का नामकरण 'शहीद जीतराम राजकीय महाविद्यालय, नगर (भरतपुर) करने पर आभार जताया। गहलोत ने कहा कि पेपरलीक देशव्यापी समस्या बन चुकी है। कई राज्यों में पेपरलीक के प्रकरण तेजी से सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इसकी रोकथाम के लिए कानून बनाया गया है।

भरतपुर में आयोजित इस राजस्थान मेगा जॉब फेयर में 60 से अधिक नियोक्ता संस्थान भाग ले रहे हैं। इससे 10 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जॉब फेयर में हजारों युवाओं ने पंजीकरण करवाया तथा प्रथम पारी में ही 1300 से अधिक युवाओं को मौके पर जॉब ऑफर लेटर सौंपे गए। इस मौके पर राज्य मंत्री अशोक चांदना, पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, महापौर अभिजीत कुमार, कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## जोशी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी

**गंगापुर सिटी।** स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा चित्तौडगढ सांसद सीपी जोशी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा आतिशबाजी की गई तथा मिठाई बांटी गई। बधाई देने वालों में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हेमंत कुमार शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, गोपाल शर्मा पार्थ, सुरेश शर्मा, श्याम सेवा, विष्णु गुरु जी, गोविंद पाराशर पार्षद, दिलीप तिवारी, जितेंद्र शर्मा, राजेंद्र सहारिया, मोहन शर्मा, नरेश शर्मा महामंत्री, जुगल चतुर्वेदी उपाध्यक्ष, कौशल पाराशर भंडारी, देवेंद्र पाठक, शिवचरण अन्ना, राजेश शर्मा, सहारा, शैलेंद्र शर्मा अध्यक्ष महू कला, धनेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, मनोज शर्मा, महेंद्र दीक्षित, सावित्री शर्मा, शारदा शर्मा, कल्पना शर्मा, राधा दीक्षित, सपना शर्मा, अंजली शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अधिकारियों ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



गंगापुर सिटी में रेलकर्मियों ने मुख्य ऑपरेटिंग मैनेजर का स्वागत किया।

**गंगापुर सिटी।** पश्चिम मध्य रेलवे प्रधान मुख्य ऑपरेटिंग मैनेजर वेणुगोपाल, वरिष्ठ मंडल ऑपरेटिंग मैनेजर सुबोध जैन, सहायक ऑपरेटिंग मैनेजर जितेंद्र सिंह सोहल ने गुरूवार को गंगापुर सिटी भरतपुर रेलखंड का निरीक्षण कर स्टेशनों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोपहर बाद गंगापुर सिटी रेलवे के अधिकारियों ने लोबी रनिंग रूम स्टेशन स्टेशन मास्टर कार्यालय एवं गाडयों के संचालन की व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य कर्षण क्रू नियंत्रक एवं रेलवे लाइन के सहायक मंडल मंत्री श्रीप्रकाश शर्मा, स्टेशन अधीक्षक अशोक गुप्ता, लौबी सुपरवाइजर संतुराम मीणा, मानवेंद्र पाठक आदि सुपरवाइजर निरीक्षण के दौरान साथ में रहे। इस दौरान वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन की ओर अधिकारियों का साफा बांधकर एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया एवं रनिंग स्टाफ की समस्याओं पर चर्चा की गई।

## मुआवजा के लिए ज्ञापन दिया

**भुसावर।** उपखण्ड भुसावर क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि एवं बे मौसम बारिश से किसानों की नष्ट हुई फसल का सरकार से मुआबजा दिलवाने एवं जल्द गिरदावरी करवाने सहित क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर ट्रैक्टर रैली निकाली गयी। वहीं मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को 15 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। जहां उन्होने ज्ञापन के माध्यम से सात दिवस मे निस्तारण नही होने पर आमरण अनशन करने की चेतावनी भी दी।

मिली जानकारी के अनुसार वैर भुसावर विधानसभा क्षेत्र के किसानों सहित आम लोगों ने कस्बा भुसावर पहुँचकर ठाकुर गणेश मन्दिर से विभिन्न मांगों को लेकर ट्रैक्टर रैली का आयोजन पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बौराज, बृजेश मीणा, रॉकी पथैना, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली एवं शिवानी दायमा सहित कई वरिष्ठ लोगों के नेतृत्व में किया गया। रैली ठाकुर गणेश मन्दिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुँची जहां किसानों एवं आम नागरिकों द्वारा सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों से अपनी मांगों का जिक्र किया।

## जोशी को दी बधाई

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के भारतीय जनता पार्टी मनियां मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को बधाई दी। उन्होंने कस्बे में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अबकी बार इनके नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकारी बनाएगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल, केदार पोषवाल, रनवीर डंडोतिया, शशिकांत शर्मा, घनश्याम शर्मा, दिनेश, गोविंद लोधी, रामावतार त्यागी, बबलू, योगेश शर्मा, नेमीचंद, होना शर्मा, निहाल सिंह आदि ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी जाहिर की।

## शहीद भगत सिंह को याद किया

**भरतपुर (निस)।** षहादत दिवस पर आज श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामषाला पर कांग्रेसजनों ने षहीद भगत सिंह राजगुरू व सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर वरिश्ट नागरिक कल्याण बोर्ड के डायरेक्टर चुन्नी कप्तान ने कहा कि क्रान्तिकारी वीर षहीदों ने देष को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# गणगौर मेले पर चर्चा की

**सूरौठ।** कस्बे के थाना परिसर में गुरुवार दोपहर बाद गणगौर के मेले को लेकर सीएलजी मीटिंग का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता सूरौठ तहसीलदार गजान्द मीणा सहित थाना प्रभारी शरीफ अली मौजूद रहे जिसमें कस्बे में रियासत कालीन गणगौर मेले को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए एवं आपसी तालमेल ठीक बना रहे उसके लिए गुरुवार दोपहर बाद सीएलजी मीटिंग का आयोजन हुआ।

जिसमें सरपंच प्रतिनिधि रामावतार शर्मा ,पूर्व सरपंच सिंह राजावत ने कहा कि मेले गणगौर मेले में एवं बदमाशी करने वाले पर कार्रवाई की जाए एवं उपद्रव करने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए जिससे गणगौर मेले शांतिपूर्ण सफल हो सके तथा भीड़-भाड़ इलाके में अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मौजूद रखने की मांग एवं सवारी निकलने के समय पुलिस जवान बाजार में तैनात करने की मांग की तथा मनोज विजयपुरा ओमवीर बेलखेड़ा, भूपेंद्र शर्मा धुरसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रभावी पुलिस गश्त करने की मांग, पूर्व प्रधान शिवराज मीणा ,नादान मीणा तेज आवाज में गाने वाले डेक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की सूरौठ तहसीलदार गजान्द मीणा एवं थाना प्रभारी शरीफ अली ने कहा कि गणगौर मेले में असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी का उपद्रव करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी तथा भाड इलाके एवं मेला स्थल पर अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया जाएगा तथा सभी सदस्यों से कोई भी घटनाक्रम होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें मीटिंग में पूर्व प्रधान शिवराज मीना भुकरावली पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत पूर्व सरपंच नादान मीना राशन डीलर मुकेश चौधरी अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद समाज के कोषाध्यक्ष भगवान सहाय कटारा सोमली अमर सिंह मीणा भूपेंद्र धुरसी राधाकृष्णन जाटव पुरूषोत्तम बंशीवाल सौमला रात्रा सरपंच अर्जुन चौधरी किराना संघ अध्यक्ष सतीश नांगरिया अग्रवाल समाज युवा अध्यक्ष जयप्रकाश गोयल खलील ख़ान सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

## अहिंसा मार्च निकाला

**भुसावर।** कस्बा भुसावर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में संचालित सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में शहीद दिवस मनाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को याद किया गया।

तहसील कार्यालय पर कार्यरत शैलेश शर्मा, नितिन पांडे एवं उपखंड अधिकारी कार्यालय पर कार्यरत नरेंद्र पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद दिवस पर कस्बे के श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से अहिंसा मार्च विभिन्न मार्गो पर होकर तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, वीडीओ मोहनलाल शर्मा एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नृपति गुर्जर की मौजूदगी में निकाला गया। जिसका समापन रघुनाथ गार्डन में हुआ। वही सर्वधर्म प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित करते हुए शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। दूसरी ओर गांव बारौली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह की अध्यक्षता में शहीद दिवस मनाया गया।

# पोस्टर का विमोचन किया




भरतपुर में श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का पोस्टर विमोचन किया।

**भरतपुर (निस)।** सेवर में सर्व समाज की एक सामूहिक बैठक का आयोजन श्री बृजेन्द्र विहारी मन्दिर प्रांगण में सेवर मालीपुरा वमनपुरा तीनो गांवों द्वारा किया गया।

जिसमे मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक भगीरथ सिंह ने महिलाओं पुरूषों को संबोधित करते हुए कहा हिंदू समाज में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव हजारों वर्षो से बडे उल्लास के साथ मनाया जाता है। उसी क्रम में लोहागढ़ में श्री रामजन्मोत्सव शोभायात्रा समिति लोहागढ़ द्वारा 30 मार्च को लोहागढ़ की सकल हिन्दू समाज की आस्था का जनसैलाब उमड़ेगा। आगे-आगे भगवान श्रीराम तो पीछे उनकी सेना के रूप में हनुमान स्वरूप व अन्य लोगों का समूह चलेगा। हवा में लहराते भगवा ध्वज पर पुष्प वर्षा कर श्रीराम नाम का उद्घोष होगा। इसकी तैयारियां पूरे शहर में शुरू हो गई हैं। और सेवर मालीपुरा वमनपुरा गांवों को भी बढ़चढ़कर शोभायात्रा की तैयारी में जुट जाना चाहिए जिससे 30 मार्च को शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में तीनो क्षेत्र से भक्तगण पहुँचे। इसी अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक भगीरथ सिंह ने सेवर मालीपुरा वमनपुरा के भक्तों के साथ श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर संजय डांगी, पार्षद विमलेश नीरज चौधरी, गिरीश शर्मा, पवन कुमार, मनोज सुखावली, श्यामसुंदर शास्त्री, टिंकू यादवेंद्र गुप्ता, तारा चंद आजाद, गिरधारी सैन, मनीष शर्मा, गणपत, बालकृष्ण, राम पटेल, विमल जैन, पंकज शर्मा, पूर्व पार्षद नारायण सैनी, प्रकाश सिंघल, हरिसिंह, गोपाल, विजय चौधरी, महावीर प्रजापति, राहुल खींची, मिंकू सिंघल, आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटिव यूनियन इकाई द्वारा 5वा रक्तदान शिविर ब्लड बैंक आरबीएम हॉस्पिटल में शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कॉम जितेंद्र कुम्भज प्रदेश महासचिव रहे। इस अवसर पर सभी दवा प्रतिनिधियों ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में शैलेष कालरा, राकेश शर्मा, हरिभान सिंह, प्रतुल कुमार, विशाल सिंघल, मयंक सारस्वत, पुष्पेंद्र शर्मा, तरुण शर्मा, रोहित मित्तल, चंद्रपाल, दिनेश शर्मा, विश्वेंद्र सिंह, विष्णु कुमार, गौरव शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा व निर्लेप मिश्रा ने रक्तदान किया।

## स्वागत किया

**भरतपुर।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भरतपुर पधारने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हेलीपैड पर सूत की माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं बजट में भरतपुर जिले को विभिन्न सौगात देने पर एवं डीग को जिला बनाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का गहलोत जिंदाबाद के नारे लगाकर बधाइयां प्रेषित की।